हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

08 अगस्त 2026, समय 18:10

<u>मुख्य समाचार :-</u>

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली आई.आई.टी. मे विद्यार्थियों से अपने निर्णयों में राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखने का आग्रह किया।

2.हरियाणा में मुख्यमंत्री नायबसिंह सैनी कल नारनौल से तिरंगा मेराथन को झंडी दिखाकर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 17 अगस्त तक चलने वाले कार्यक्रमों का आगाज करेंगे।

3. भारतीय भुगतान परिषद ने कहा है कि यूपीआई के माध्यम से किये जाने वाले डिजिटल भुगतान पर कोई शुल्क नहीं लगेगा ।

4. मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ मे आज और कल के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया।

5. हरियाणा के राज्यपाल प्रो.असीम कुमार घोष ने पंचकूला के मदर टेरेसा साकेत ऑर्थोपेडिक अस्पताल में लिफ्ट के लिए आधारशिला रखी।

-----------------------------------------------------------------------------------------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान- आई.आई.टी. दिल्ली के विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने निर्णयों में राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखें। श्री मोदी ने आई.आई.टी. दिल्ली के 57वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक पीढ़ी अपने समय की विशिष्ट चुनौतियों का सामना करती है और अपनी राष्ट्रीय जिम्मेदारी निभाती है।

<u>आप सब जानते हैं हर पीढ़ी के सामने उस टाइम पीरियड की अपनी चुनौतियां होती हैं और हर पीढ़ी का अपना एक राष्ट्रीय दायित्व भी होता है। साथियों आज के इस दौर में हमारे सामने चुनौतियां भी अलग हैं और इसलिए हमारे दायित्व भी अलग हैं। अपने जीवन के आगे 30-35 साल में आप जो कुछ भी करेंगे वो विकसित भारत की हमारी यात्रा को प्रभावित करेंगा।</u>

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में नए क्षेत्रों के विकास से युवाओं के लिए नए अवसर सृजित हो रहे हैं। उन्होंने सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष और ड्रोन जैसे क्षेत्रों का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कार्य कर रहा है। श्री मोदी ने कहा कि

आत्मनिर्भरता की यह पहल विकसित भारत के निर्माण के लिए एक मजबूत आधार का काम करेगी।

सेमीकंडक्टर सेक्टर का उदाहरण भी हमारे सामने है। जब हमने इस दिशा में कदम बढाया तो कुछ लोगों ने सवाल उठाया, कहा गया भारत ये नहीं कर पाएगा, लेकिन आज पहली सेमीकंडक्टर यूनिट्स में प्रोडक्शन शुरू हो चुका है और मैं साफ मानता हूं चिप से लेकर शिप तक सब कुछ यहीं पर आप ही के हाथों से बनेगा। और कहीं कोई युवा पूरे आत्मविश्वास से कह रहा है First in my bloodline to make chip in India।

श्री मोदी ने सोशल मीडिया के युग में उत्पन्न होने वाले विकर्षणों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को वेतन, नौकरी या कार्यक्षेत्र के आधार पर दूसरों से अपनी तुलना करने से बचना चाहिए।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा में 'हर घर तिरंगा अभियान और वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कल से 17 अगस्त तक विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन भी होगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कल नारनौल से तिरंगा मैराथन को हरी झंडी दिखाकर इन कार्यक्रमों का आगाज करेंगे। लगभग 10 किलोमीटर लम्बी इस मैराथन में तकरीबन 35 हजार युवा हाथों में तिरंगा लेकर दौड़ लगाएंगे। प्रतिभागियों को लगभग 25 हजार राष्ट्रीय ध्वज भी वितरित किए जाएंगे, ताकि वे अभियान के दौरान अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित हों।मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी ने इन कार्यक्रमों के आयोजन सम्बन्धी तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी जिलों के प्रशासन को अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कार्यक्रम को जन-आंदोलन का देने को कहा है ताकि लोगों में देशभक्ति की भावना मजबूत हो, राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा मिले और विशेष रूप से युवा पीढ़ी देश के इतिहास एवं लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़ सके।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

कुरुक्षेत्र में तिरंगा यात्रा 10 अगस्त को निकाली जाएगी। पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने आज कुरुक्षेत्र में बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी भी इस तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। यात्रा शाम 3 बजे पूजा मॉडल स्कूल से शुरू होकर शहीद स्मारक पर संपन्न होगी।

श्री सुभाष सुधा ने शहरवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या मे तिरंगा यात्रा में शामिल होकर देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करें।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

भारतीय भुगतान परिषद ने कहा है कि यूपीआई के माध्यम से किया जाने वाला डिजिटल भुगतान उपभोक्ताओं के लिए निशुल्क बना रहेगा। व्यापारियों से भी डिजिटल भुगतान स्वीकार करने के लिए भी कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। परिषद ने स्पष्ट किया कि व्यापारियों और भुगतान सेवा प्रदाताओं के बीच होने वाले व्यावसायिक शुल्क का भुगतान उपभोक्ताओं को नहीं करना होगा।

उल्लेखनीय है कि यूपीआई के जरिए लेनदेन पर शुल्क लगने की खबरों ने उपभोक्ताओं और छोटे दुकानदारों के बीच चिंता पैदा कर दी थी।

---------------------------------------------------------------------------------------------

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता का आज नव गठित हांसी जिले में पहली बार आने पर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए सुश्री अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति होने के बाद वे सभी जिलों में जा रही हैं और इसी कड़ी में आज उनका हांसी जिले में प्रवास है।

पार्टी के  कार्यक्रमों को लेकर उन्होंने बताया कि गुरु रविदास जी के 650 वाँ प्रकाशोत्सव को भारतीय जनता पार्टी पूरे भारत में बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाने जा रही है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने गुरु रविदास जी के प्रकाशोत्सव कार्यक्रमों को पाँच चरणों में मनाया जाएगा। पहले चरण में प्रत्येक रविदास मंदिर या दूसरे मंदिरों में दीपोत्सव के कार्यक्रम से इसका शुभारंभ किया गया। उसके बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने हाथों से 134 कलशों में वाराणसी की रज को कलश वंदन यात्रा' के माध्यम से भारत में 134 स्थानों के लिए रवाना किया। हरियाणा को मिले कलश को गुरुग्राम में शीतला माता मंदिर में स्थापित किया गया। वहाँ से  कलश की पवित्र मिट्टी 27 जिलों में पहुँचाई गई है।

हर गाँव में इस कलश यात्रा के भव्य स्वागत हो रहा हैं और सभी समाजों के लोग बढ़-चढ़कर इन यात्राओं में भाग ले रहे हैं। आखिरी चरण में जालंधर से समरसता यात्रा चलेगी और वाराणसी पहुँचेगी।

---------------------------------------------------------------------------------------------

मौसम विभाग के चंडीगढ़ केंद्र ने पंजाब , हरियाणा और चंडीगढ़ के लिए आज और कल के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने महेंद्रगढ़, रेवाडी, मेवात, फतेहाबाद,भिवानी और चरखी दादरी में अलग-अलग स्थानों पर तूफान और भारी बारिश के साथ बिजली गिरने की चेतावनी दी है।

मौसम विभाग के अनुसार यमुनानगर, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, झज्जर गुरूग्राम, मेवात, पलवल सहित कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई है जबकि  चंडीगढ़, पंचकूला, अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने का अनुमान है।

अंबाला में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के तकनीकी सहायक दिन दयाल शर्मा ने बताया कि यह बारिश धान की फसल के लिए लाभकारी है। पर्याप्त बारिश होने से खेतों में नमी बनी रहेगी, जिससे किसानों को सिंचाई पर कम निर्भर रहना पड़ेगा।

---------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने आज पंचकूला स्थित मदर टेरेसा साकेत ऑर्थोपेडिक अस्पताल में मरीजों के लिए लिफ्ट की आधारशिला रखी। लिफ्ट लगाने पर 73 लाख 31 हजार रुपये की लागत आएगी और इसे छह महीने के भीतर पूरा किया जायेगा।

राज्यपाल ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि लिफ्ट निर्धारित नियमों एवं मानकों के अनुरूप  तैयार की जाए तथा गुणवत्ता के उच्चतम मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए।

राज्यपाल ने अस्पताल परिसर का दौरा कर मरीजों तथा उनके परिजनों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा भी लिया।

---------------------------------------------------------------------------------------------